हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026



11 जो बोले सो निहाल के जयकारों के बीच श्री...





11 दो दिन की हड़ताल पर गए ग्रामीण सफाई कर्मी...





## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक


-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


## खबर संक्षेप

### कोर्ट में झूठी शिनाख्त करने का आरोपी धरा

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने अदालत में झूठी शिनाख्त करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचन कुलेरी निवासी राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक जितेन्द्र ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र सिंह ने वर्ष 2024 के एकमामले में थाना सिविल लाइन में घोड़ा फार्म निवासी आरोपी राजा की जमानत के दौरान अदालत में झूठी शिनाख्त की थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ इसी प्रकार के पहले भी चार मामले दर्ज हैं।

### हेरोइन बरामदगी मामले में एक और आरोपी काबू

**हिसार।** एंटी नारकोटिक सेल ने 359 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। सैल में कार्यरत पीएसआई जनक कुमार ने बताया कि 359 ग्राम हेरोइन मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ था कि उन्होंने 100 ग्राम हेरोइन ढाणी सदलपुर निवासी रविन्द्र कुमार को बेचा था। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर उनकी टीम ने आरोपी रविन्द्र कुमार को काबू कर लिया।

### 29.50 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पातन निवासी महाबीर के रूप में हुई है। एएसआई सतबीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने गश्त के दौरान पातन में सूचना के आधर पर महाबीर को पकड़ा था। तलाशी में उसके कब्जे से 29 ग्राम 50 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### हमले के दो आरोपी दबोचे तेजधार हथियार बरामद

**हिसार।** शहर पुलिस ने तेजधार हथियार से हमला कर चोटें मारने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान ढंढूर निवासी सुनील व तिलक राज शामिल हैं। शहर थाना के एएसआई सूरजमल ने बताया कि गत एक मई को खारिया निवासी संजय की शिकायत पर आरोपियों द्वारा उसका रास्ता रोककर तेजधार हथियारों से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद कर लिए गए हैं।

### 11 बोतल शराब सहित एक आरोपी दबोचा

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने भाटिया धर्मशाला जहाजपुल के पास से एक युवक को 11 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। एसआई जगदीश कुमार ने बताया कि पकड़े गये आरोपी की पहचान पड़ाव मोहल्ला निवासी राहुल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया वे अपनी टीम के साथ गश्त पर थे कि शक के आधार पर राहुल को रोककर तलाशी ली गई तो उससे यह शराब बरामद हुई।

## शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए गठित विशेष समिति ने किया मंथन

# लक्ष्मी बाई चौक से टाउन पार्क सिक्स लेन पर काम जल्द, सभी विभागों से मिली एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- पीडब्ल्यूडी के एसीएस से बजट के लिए स्वीकृति आने पर होगी आगामी कार्वाई
- कैमरी और तोशाम रोड तक नए मार्ग की योजना

हिसार शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से गठित विशेष समिति की चौथी बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने की। बैठक के दौरान शहर में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव, प्रमुख चौकों पर लगने वाले जाम, पार्किंग की समस्याओं और भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों की ओर से शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक रूप देने के लिए तैयार की गई परियोजनाओं की प्रस्तुति भी दी गई।

बैठक में कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया गया कि लक्ष्मी बाई चौक से टाउन पार्क तक मुख्य मार्ग को सिक्स लेन करने के लिए लगभग सभी विभागों से एनओसी मिल गई है। लोक निर्माण विभाग के एसीएस से बजट के लिए स्वीकृति आने के उपरांत आगामी कार्वाई की जाएगी। इसी प्रकार से डाबड़ा चौक जंक्शन के निर्माण के लिए टेंडर तैयार कर लिया गया है। राजगढ़ रोड स्थित राजकीय कॉलेज के सामने से सिंचाई विभाग के नाले के दोनों और खाली पड़ी भूमि पर सड़क मार्ग बनाने और इसका विस्तार कैमरी रोड और आगे तोशाम रोड तक करने के संबंध में अवगत करवाया गया कि लगभग 615 मीटर तक सड़क मार्ग पर कोई बाधा नहीं है। इस पर रोड के निर्माण के लिए टेंडर जल्द ही लगाया जाएगा, बाकि हिस्से पर भी कब्जाधारियों को नोटिस देने सहित अन्य कार्रवाई की जा रही हैं।



हिसार। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक रणधीर पनिहार और मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

### आज खुलेंगे स्लिप रोड के टेंडर

गुरु जंम्भेश्वर विश्वविद्यालय से बस अड्डों की और आने वाले मार्ग पर स्लिप रोड के लिए टेंडर लगा दिया गया है, जो शनिवार को खुलेगा। इसी प्रकार से तुलसी चौक पर स्लिप रोड, सेक्टर 14 के दोनों एंट्री प्वाइंट, सुशीला भवन के समीप गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ स्लिप रोड, जिंदल चौक पर रोटरी बनाने, 9/11 चौक पर रोटरी बनाने तथा बस अड्डे से निकलने के बाद सिविल अस्पताल और क्लॉथ मार्केट के साथ लगते रास्तों पर स्लिप रोड बनाने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

### फुट ओवरब्रिज हटाने का दोबारा लगेगा टेंडर

कैबिनेट मंत्री को यह भी अवगत करवाया गया कि बस अड्डे और तलाकी गेट के समीप लगे फुट ओवरब्रिज को हटाने के लिए दोबारा से टेंडर लगाया जाएगा। सिरसा रोड से सिविल अस्पताल तक के मार्ग को सिक्स लेन करने, बस अड्डे की बैक साइड से निकाले गए रास्ते को एसटीपी तक चौड़ा करने के लिए भी आगामी कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त सिरसा-दिल्ली रोड, बालसमंद रोड, कैमरी रोड से सेक्टर 16-17 की और पर आवश्यकता अनुसार फ्लाइओवर, अंडरपास और सर्विस रोड जैसी परियोजनाओं पर भी प्राथमिकता से कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए ताकि भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को नियंत्रित किया जा सके।

### सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिसार को जाम मुक्त बनाने के लिए सभी विभाग गंभीरता और समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए ताकि आम नागरिकों को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को शहर के मुख्य जंक्शनों पर ट्रैफिक सुधार कार्य तेज करने, सड़कों का चौड़ीकरण करने, अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने और बाजार क्षेत्रों में ट्रैफिक संचालन को बेहतर करने के निर्देश दिए।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली, जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, नगर निगमायुक्त नीरज, नगराधीश सुभाष चंद्र, एसडीएम ज्योति मित्तल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या के दोषी को उम्रकैद, एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया

**हिसार।** हिसार की जिला अदालत ने हांसी में कृषि यंत्र कारोबारी संदीप हत्याकांड में दोषी राहुल को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सेशन जज अलका मलिक की अदालत ने राहुल को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और एक लाख 80 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी। जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले के अनुसार हांसी शहर थाना पुलिस ने 7 अप्रैल 2022 को मृतक के भाई शेखपुरा निवासी सोनू की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका भाई संदीप तोशाम रोड स्थित ऑटो मार्केट के पास कृषि यंत्रों की दुकान चलाता था। 6 अप्रैल 2022 की रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक पर आए तीन युवकों ने दुकान पर पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली संदीप की जांघ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मरने से पहले संदीप ने हमलावर के रूप में राहुल का नाम लिया था। जांच और सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने राहुल को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## सिसाय:80 करोड़ की ड्रोन सिटी परियोजना का उद्घाटन आज

**हिसार।** हिसार के सिसाय गांव में 16 मई को एवीपीएल इंटरनेशनल की 80 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी 'ड्रोन सिटी हरियाणा' परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन होगा। हरियाणा सरकार ने इस परियोजना को एंटरप्राइज एंड एम्प्लॉयमेंट पॉलिसी-2020 के तहत 58 .51 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन सहायता दी है। उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत कई अधिकारी और उद्योग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। करीब 11.5 एकड़ में विकसित हो रही इस ड्रोन सिटी में ड्रोन निर्माण, कंपोनेंट उत्पादन, रिसर्च, टेस्टिंग, स्किल ट्रेनिंग और एडवांस यूएवी तकनीक से जुड़ी सुविधाएं तैयार की जाएंगी। यहां 23 इंडस्ट्रियल शेड भी बनाए जाएंगे। परियोजना का उद्देश्य एग्रीकल्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विलांस, एआई, रोबोटिक्स और फ्यूचर-टेक स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाना है। कंपनी की संस्थापक डॉ. प्रीत संधू ने इसे युवाओं और स्वदेशी ड्रोन इकोसिस्टम के लिए बड़ा कदम बताया।



हिसार। नागोरी गेट पर धरने पर बैठे सामाजिक संगठन। फोटो : हरिभूमि

## जनसंगठनों ने धरना देकर सोनिया के लिए मांगा न्याय

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

- नागोरी गेट पर धरना स्थायी और आंदोलन बड़ा करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया की हत्या मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के रोष स्वरूप विभिन्न संगठनों ने नागोरी गेट पर धरना दिया। धरना दिए बैठे संगठनों ने 15 दिनों तक भी हत्यारोपी गिरफ्तार न किए जाने को पुलिस की नाकामी बताया और नारेबाजी की।

नागोरी गेट पर शुक्रवार को धरने पर बैठे सामाजिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपी सौरभ को जल्द गिरफ्तार किया जाए वरना वे लघु सचिवालय पर स्थाई धरना लगाएंगे और आंदोलन को और बड़ा करेंगे। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हत्या के 15 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्तर से बाहर है। पुलिस ने 25 आदमी एक व्यक्ति के पीछे लगाए हुए हैं, बावजूद इसके वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली थी मगर वह पुलिस को चकमा देकर भाग रहा है। इस अवसर पर व्यापारी नेता बजरंग गर्ग, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, सीए पवन गिरधर, गुलजार सिंह काहलो, डॉ रमेश पूनिया, राजेंद्र चुटानी, लाल बहादुर खोवाल, हनुमान ऐरन, महेश चौधरी, आशीष गोदारा कुकी, सुरेंद्र बजाज, ओम प्रकाश असीजा, टीनू आहूजा, विनोद गुप्ता, रविंद्र आहूजा, मांगेराम रालवासिया, अनू सूरा, सत्यपाल अग्रवाल, सत्यवान पानू आदि मौजूद थे।

### यह था मामला

गत 1 मई को निजी स्कूल में कार्यरत शिक्षिका 36 वर्षीय सोनिया के पति सौरभ ने प्रेस की तार से उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। सोनिया के परिजनों ने जब उसे फोन किया तो उसने कॉल नहीं पिक किया। इसके बाद जब परिजन चिंता में उसके घर पहुंचे तो देखा कि सोनिया अपने कमरे में मृत पड़ी है और उसके पास खून पड़ा था। भाई सौरभ ने आरोप लगाया था कि सोनिया के पति सौरभ, उसके भाई, भाभी और मां ने मिलकर ही सोनिया की हत्या की है। सोनिया की हत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने के रोष स्वरूप शहरवासियों ने गत 6 मई को कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया था।

### सस्ते आईफोन बेचने का झांसा देकर लोगों को बनाते थे शिकार

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल, आईफोन, लैपटॉप, बैंकों की पासबुक, एटीएम कार्ड, स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 10040 रुपये की नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंस्टाग्राम पर सस्ते आईफोन बेचने का झांसा देकर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जिले के बहबलपुर गांव निवासी सौरभ व लक्की के रूप में हुई है।

एएसपी मयंक मुदगिल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गत 13 मई को पीएसआई संजय कुमार साइबर थाना में मौजूद थे। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गांव बहबलपुर निवासी लक्की कुमार व उसका साथी सौरभ साइबर फ्रॉड कर रहे हैं। मौके पर रेड की जाए तो भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं साइबर धोखाधड़ी में प्रयुक्त सामान बरामद हो सकता है। सूचना के बाद तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर गांव बहबलपुर में बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर दोनों आरोपी मोबाइल फोन एवं लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन गतिविधियों में संलिप्त मिले, जिन्हें काबू कर पूछताछ की गई। एएसपी ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन में 'खाटू आईस्टोर' तथा 'स्नेहा 31661' नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी चलती मिली, जिन पर महंगे आईफोन मात्र 2500 रुपये में बेचने के विज्ञापन डाले गए थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाकर लोगों को सस्ते आईफोन देने का झांसा देते थे। जब कोई व्यक्ति संपर्क करता था तो उससे पहले 100 रुपये बुकिंग राशि, बाद में डिलीवरी एवं अन्य बहानों से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे डलवा लेते थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे किसी को भी वास्तविक मोबाइल फोन नहीं भेजते थे और केवल ठगी कर रकम हड़प लेते थे। आरोपियों ने यह भी बताया कि शिकायत होने पर बैंक खाते ब्लॉक हो जाते थे, फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बंद होने पर नई आईडी बनाकर फिर से लोगों को ठगने का काम किया जाता था। पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी दूसरे व्यक्तियों के नाम पर ली गई सिम का प्रयोग करते थे।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते एएसपी मयंक मुदगिल।

### केस दर्ज, न्यायिक हिरासत में भेजे

एएसपी ने बताया की आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, आईफोन, लैपटॉप, विभिन्न बैंकों की पासबुक, एटीएम कार्ड, स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा 10 हजार 40 रुपये नकद राशि बरामद की है। बरामद सामान को कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों से गहन पूछताछ करते हुए मामले में प्रयुक्त बैंक खातों और अन्य सहयोगियों की जानकारी जुटाई गई। गिरफ्तार आरोपी लक्की एवं सौरभ को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 200 ठेका अधीन कर्मियों को काम पर लेने का आश्वासन

# हड़ताल खत्म, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पिछले 14 दिन से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। इसकी घोषणा के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों ने काम शुरू कर दिया। निगम में भी कामकाज आम दिनों की तरह हुआ।

इससे पहले धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों का पेच फंसा रहा, जिस वजह से दोपहर बाद तक भी हड़ताली सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे रहे और टस से मस नहीं हुए। दोपहर बाद निगम के ठेकेदार ने ठेका अधीन लगे 200 कर्मचारियों के समायोजन का आश्वासन दिया, जिस पर सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल से उठने को राजी हुए। निगम प्रांगण में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से उठने की घोषणा के साथ ही शहरवासियों व निगम अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। सफाई कर्मचारियों की 14 दिन तक चली हड़ताल के दौरान शहर में गंदगी के ढेर लग गए। एक अनुमान के अनुसार लगभग तीन हजार क्विंटल कूड़ा कर्कट शहर की सड़कों, गलियों व अन्य स्थानों पर एकत्रित हो गया। हड़ताल खुलने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करना अब निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है।



## आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते चार लोग पकड़े

**हिसार।** सीआईए स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में आदर्श नगर निवासी अरूण, सलेमगढ़ गांव निवासी दीपेश, शांति नगर निवासी महेश व ठंडी सड़क योग नगर निवासी गौरव शामिल है। एसआई विजय कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी शहर के एक होटल की चौथी मंजिल पर कमरे में बैठकर पंजाब किंग्स इलेवन व मुंबई इंडियंस टीमों के बीच खेले जा रहे आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच पर मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को काबू कर उनसे क्रिकेट सट्टेबाजी में प्रयुक्त 5 मोबाइल फोन तथा सट्टे से संबंधित रजिस्टर/रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं।




# माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

## लाइफ Style

# आरती

## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैनः पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



# बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशोल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



# रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




# गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

## टीवी मसाला



# ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

# अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

# इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

## मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

## ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

# इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

## खबर संक्षेप

### गुजवि के दो बीवोक विद्यार्थियों को प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से फेंबो इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के ऑफ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के के बीवोक (फूड प्रोसेसिंग एंड इंजीनियरिंग) कार्यक्रम के दो विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि इस ड्राइव में चयनित विद्यार्थी बीवोक (फूड प्रोसेसिंग एंड इंजीनियरिंग) कार्यक्रम की आरजू और दक्ष कामरा हैं।

### ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन कल

**हिसार।** ओशो की देशनाओं से रूबरू करवाने वाले ओशो ध्यान उपवन में 17 मई को मेडिटेशन करवाया जाएगा। प्रातः 9.30 से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में स्वामी संजय व मां सांची ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाएंगे और उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। इसी भांति 24 मई को एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रातः 8 बजे शुरू होगा और सायं 5 बजे समापन होगा। 17 मई के ध्यान सत्र और 24 मई के मेडिटेशन कैंप में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव बांसड़ा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान सीएचसी आर्यनगर के एसएमओ डॉ. रोशनलाल शर्मा के निर्देशानुसार तथा डॉ. दीपक चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक किया गया और सभी को भ्रूण हत्या रोकने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एमपीएचडब्ल्यू राज, कमलेश रानी, राज, मुख्य अध्यापिका संतोष कुंडू, ममता, संतोष रानी, अनिल कुमार, सावित्री, मीना, आशा, शकुंतला, सुनीता एडब्ल्यूडब्ल्यू तथा सरपंच पवन कसवां सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### 480 सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में विभिन्न इंजीनियरिंग कोर्सेज के लिए ऑनलाइन दाखिले प्रारंभ हो चुके हैं। सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड के 10वीं के नतीजे आने के बाद संस्थान में दाखिले की प्रक्रिया तेज़ हो गई है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. बिजेन्द्र सिंह बताया कि संस्थान में 6 इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्स की 390 सीटों पर दाखिले होंगे। वहीं डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में 60 पर दाखिले होंगे। डिप्लोमा बिजनेस मैनेजमेंट में 30 सीटों पर दाखिला होगा। आवेदक संस्थान में विभिन्न 3 वर्षीय व 2 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्सेज और फार्मेसी व मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्सेज के लिए ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट techadmissionhry.gov.in पर कर सकेंगे।

### भाजपा का प्रशिक्षण महा अभियान आज से

**हिसार।** भाजपा हिसार के पदाधिकारियों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महा अभियान 16 व 17 मई को मलिक चौक के नजदीक मिलेनियम पैलेस में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मई को सुबह 10:30 बजे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने बताया कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने व नई नई जानकारियां देने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं।

### मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण होगा

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हिसार में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान शुरू किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अभियान के तहत जिले के 1333 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

### 400 की आबादी पर एक कर्मचारी नियुक्त करने की मांग

# दो दिन की हड़ताल पर गए ग्रामीण सफाई कर्मी, धरना देकर लगाए नारे

### सफाई कर्मी की मृत्यु पर 50 लाख रुपये मुआवजा देने की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीटू से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन शुक्रवार से दो दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। सफाई कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय पर धरने दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शहरी और ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पॉलिसी बनाकर पक्का करने, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय का आदेश लागू करने, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती करने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26000 और 27000 रूपये वेतन लागू करने, एक्सग्रेसिया नीति बनाने तथा कर्मचारी की मृत्यु होने पर 50 लाख मुआवजा देने की मांग आदि को लेकर लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन सरकार सफाई कर्मियों की आवाज को अनसुना कर रही है। सरकार को चेतावनी देते हुए यूनियन कहा कि सरकार समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया तो ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रदेश भर में आंदोलन को तेज करेंगें। धरने को राज्य महासचिव विनोद कुमार, सुरेश कुमार सीटू, जिला सचिव राकेश फौजी व जिला प्रधान सुंदर बॉडो पट्टी, नरेश बलाक प्रधान, भाल सिंह, चरण दास, बलराम आदि ने संबोधित किया।



हिसार। डीसी कार्यालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मनरेगा मेट व मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, सरकार के खिलाफ जताया रोष

**हांसी।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के आह्वान पर मनरेगा मेट एवं मजदूरों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता जिला हांसी सचिव जोगिंदर उमरा ने की, जबकि संचालन ब्लॉक प्रधान सत्यवान कुंभा द्वारा किया गया। इस दौरान बीडीपीओ अशोक मेहरा तथा एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा से जुड़े मजदूरों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने की अपील की गई। धरने को संबोधित करते हुए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में लागू की जा रही नई व्यवस्था वीबीजी-राम जी की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था मजदूरों के रोजगार की गारंटी को कमजोर करती है तथा फंड की उपलब्धता के आधार पर काम देने की नीति मजदूरों के अधिकारों के खिलाफ है। इस अवसर पर चीफ ऑर्गेनाइजर के.एल. ग्रोवर, जिला सचिव जोगिंदर उमरा, कोषाध्यक्ष राजकुमार कुंभा, रामनारायण, रोहतास, जोगीराम गढ़ी, सत्यवान मेट, श्यामलाल, जिला उपप्रधान आशा गढ़ी, खजानी, लक्ष्मी, सुशीला, कांता सहित बड़ी संख्या में मनरेगा मेट एवं मजदूर उपस्थित रहे।





हिसार। मांगों को लेकर धरना देते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## रोडवेज कर्मियों का धरना शुरू मांगें पूरी न हुईं तो करेंगे हड़ताल

- 15 सूत्रीय मांगों की लंबे समय से अनदेखी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को कर्मशाला परिसर में सांझा संघर्ष समिति के बैनर तले धरना शुरू किया गया। इस दौरान कर्मचारियों में डिपो महाप्रबंधक के खिलाफ भारी रोष देखने को मिला। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से लंबित 15 सूत्रीय मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

सांझा संघर्ष समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज़ मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति के निर्णय के अनुसार आगामी 18 मई को महाप्रबंधक का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो 22 मई से रात्रि ठहराव बंद किए जाएंगे। कर्मचारियों ने साफ कहा कि यदि प्रशासन ने फिर भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 25 मई को दो घंटे के लिए मुख्य गेट बंद किया जाएगा। वहीं, 26 मई से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

धरने की अध्यक्षता राजकुमार चौहान ने की, जबकि मंच संचालन नरेंद्र सोनी ने किया। धरने में हिसार डिपो की विभिन्न यूनियनों के प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें राजेश जांगड़ा, अनूप श्योकंद, जोगेंद्र पंघाल, कर्मवीर मसूदपुर, जितेंद्र शर्मा, मंजीत सौरखी, बजरंग लाखा, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान, संदीप जैनावास, अजय दुहन, राजबीर दुहन, अरुण शर्मा, राजेश सेलवाल, दर्शन जांगड़ा और रमेश यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

### बाइक चोरी का आरोपी महज 3 घंटे में काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने चोरी के एक मामले को महज तीन घंटे के भीतर सुलझाकर एक युवक को गिरफ्तार करने तथा चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपित युवक को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। थाना नारनौंद में तैनात उप निरीक्षक रामपाल ने बताया कि चोरी में आरोपित दीपु निवासी राखी शाहपुर को पुराना बस अड्डा नारनौंद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई तथा उससे घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई। उसके कब्जे से चोरी की गई डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। उन्होंने बताया कि जगदीश निवासी नारनौंद ने 14 मई को थाना नारनौंद में शिकायत दी थी कि उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी, जो चोरी हो गई।

## पेट्रोल पंप से कार में डीजल डलवा कर फरार होने वाला आरोपी काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने पेट्रोल पंप से डीजल डलवाकर बिना भुगतान किए फरार होने के मामले में एक आरोपी को गाड़ी को समेत गिरफ्तार किया है। पआरोपी की पहचान कैथल जिले के गांव खेड़ी लांबा मंदीप के रूप में हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी मंदीप को गिरफ्तार कर घटना स्थल की निशानदेही करवा कर तथा वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता सुमेर निवासी जींद ने थाना नारनौंद में शिकायत दी थी कि उसका खांडा खेड़ी स्थित पेट्रोल पंप 24 घंटे संचालित रहता है। 14 मई की रात एक स्कॉर्पियो गाड़ी पेट्रोल पंप पर आई और गाड़ी चालक मंदीप ने सेल्समैन से गाड़ी की टंकी फुल करने के लिए कहा। जिसके बाद सेल्समैन द्वारा गाड़ी में 2330 रुपये का डीजल डाला। डीजल डलवाने के तुरंत बाद चालक बिना रुपए दिए तेज गति से अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



नारनौंद। गाड़ी में तेल डलवा कर बिना रुपए दिए भागने वाला पुलिस गिरफ्त में।

## हाईवे पर कार और ई-रिक्शा की भिड़ंत में चालक समेत तीन घायल

- हलवाइयों को मंदिर छोड़ने जा रहा था ई-रिक्शा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लालपुर मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विराट नगर निवासी 65 वर्षीय रोहतास अपने ई-रिक्शा में हलवाइयों को लेकर हांसी से एक मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में छोड़ने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वह लालपुरा की ओर मुड़े तभी हिसार की तरफ से आ रही कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए लेकिन कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवारों को गंभीर चोट लगने से बचाव हो गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक रोहतास व उसमें सवार हलवाइयों को भी मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद घायलों को तुरंत हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।



हांसी। राजमार्ग पर खड़ी क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा व कार। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तृतीय चरण के लिए पंजीकरण शुरू

**हिसार।** युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तृतीय चरण के तहत पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया मार्च से शुरू हो चुकी है। यह पंजीकरण दिसंबर तक खुला रहेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील सचदेवा ने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को 6 से 9 माह की इंटर्नशिप करवाई जाएगी, जिसके दौरान उन्हें प्रतिमाह 9 हजार रुपए स्टाइपेंड तथा 6 हजार रुपये की एकमुश्त अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

### नगर निगम ने बाजारों और मुख्य सड़कों से हटवाया अतिक्रमण



**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम के द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निगम टीम ने रेलवे स्टेशन रोड से अभियान की शुरुआत करते हुए अतिक्रमण हटाया। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने, बस स्टैंड क्षेत्र तथा तालाकी गेट से श्मशान भूमि रोड तक कार्रवाई कर अवैध कब्जों को हटवाया गया। राजगुरु मार्केट में कार्रवाई के दौरान एक रेहड़ी जब्त की गई, जबकि दूसरी रेहड़ी से सामान कब्जे में लिया गया। वहीं डोगरान मोहल्ला में सीएम विंडो पर मिली शिकायत के आधार पर गली में रखा जनरेटर हटाकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### प्रेम कॉलोनी में पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो तलवार बरामद

**हिसार।** जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।



सिविल लाइन थाना के तहत आते क्षेत्र आईटीआई चौक स्थित प्रेम कॉलोनी में सिविल लाइन प्रभारी कर्मजीत के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड टीम व स्वेट कमांडो टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी लेते हुए लोगों से बातचीत कर नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के तहत एक घर से दो तलवार बरामद की गई। जांच अधिकारी मुकेश ने घर के मालिक राकेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### साइबर अपराधों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए : सिद्धांत जैन



**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने साइबर थाना के जांच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए तकनीकी साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण किया जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आधुनिक तकनीकों की पूरी जानकारी रखना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन शुक्रवार को साइबर अपराधों की रोकथाम एवं लंबित मामलों की समीक्षा बारे साइबर थाना के जांच अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक के दौरान साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग तथा बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। एसपी ने साइबर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, बैंक खातों को तुरंत फ्रीज करवाने, संदिग्ध मोबाइल नंबरों एवं आईपी एड्रेस की निगरानी बढ़ाने तथा मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

## न्यूज डायरी

### 15 गुमशुदा मोबाइल फोन असल मालिकों को लौटाए

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने मई के दूसरे हफ्ते में प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी की 15 शिकायतों का समाधान करते हुए लाखों रुपये कीमत के 15 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में मोबाइल फोन के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए। मोबाइल प्राप्त करने वालों में विष्णु दास हिसार, ममता कालीरावण, अनीता देवा मुकलान, सुरेन्द्र अमरपुरा राजस्थान, सुंदर बरवाला, रमेश ढाणी पीरांवाली, कुलदीप कैमरी व प्रदीप शिवनगर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### रेलवे से रास्ता देने की मांग को लेकर धरना शुरू

**आदमपुर।** रेलवे विभाग द्वारा जवाहर नगर की साइड में बनाई जा रही दीवार को लेकर रास्ता बंद होने के चलते परेशानी को देखते हुए क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया कर दिया है। धरने के माध्यम से रास्ता छोड़ने की मांग की गई। धरने पर जवाहर नगर के सरपंच कुलदीप तथा सुभाष धरनास्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने बताया कि इस दीवार के बनने से जवाहर नगर के लोगों के सामने बड़ी समस्या आएगी तथा एक तरह से हिंदुस्तान पाकिस्तान की तरह बॉर्डर बन जाएगा तथा जवाहर नगर के लोग लोगों को रेलवे स्टेशन पर आने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इन्होंने तथा जवाहर नगर के लोगों ने रेलवे विभाग से गोल टंकी वाली गली के सामने तथा गुरुद्वारा गली के सामने रास्ता छोड़ने की मांग की है ताकि वह आराम से रेलवे स्टेशन पर पहुंच सके।

### इरिगेशन चुनाव में संजय गौतम बने प्रधान

**नारनौंद।** नारनौंद सब डिवीजन इरिगेशन का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से संजय गौतम को प्रधान चुना गया। संदीप कुमार को सचिव, कोषाध्यक्ष परवीन गौतम, उपप्रधान प्रदीप राखी को चुना गया है। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर मैकेनिकल के राज्य के प्रधान गंगा राम मौन और उप प्रधान संदीप पूनिया, जिला से प्रधान ओमप्रकाश, सचिव दीपक मेहरा, ब्लॉक प्रधान योगेंद्र मास्टर के देख रेखा में सम्पन्न हुआ। नवनियुक्त प्रधान ने बताया कि वह कर्मचारियों की आवाज उठाते रहेंगे और जो उनकी मांगे हैं उनको प्रमुखता से पूरा करवाने का काम करेंगे।

### शहीद सुखदेव थापर का 119वां जन्मदिवस मनाया

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा शुक्रवार को क्रांतिकारी अमर शहीद सुखदेव थापर का 119वां जन्मदिवस बड़े ही श्रद्धाभाव एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बजरंग आश्रम में किशोरी लाल नागपाल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर रामसुफल शास्त्री ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण इलावादी, युवा प्रधान प्रशांत राजपाल, साहिल खट्टर, विजय पाल शास्त्री, अजय भारद्वाज, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, सन्नी नायक, निहाल चंद चावला, रामनारायण तंवर, रामस्वरूप खट्टर, प्रधान शमा मल्होत्रा, ओमप्रकाश मुंजाल, फतेह सिंह गुर्जर, राजकुमार जांगड़ा, छोटे लाल फौजी, सीताराम यादव आदि मौजूद रहे।

### पशु क्रूरता मामले में उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिरसा निवासी सेवक के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही मीना ने बताया कि आरोपी सेवक को पशु क्रूरता से जुड़े एक मामले में अदालत में पेशी के दौरान लगातार गैरहाजिर चल रहा था। आरोपी के बार-बार अदालत में उपस्थित न होने पर 17 फरवरी को आरोपी घोषित किया गया था।

### सीआईए-1 व डॉग स्क्वॉड टीम का संयुक्त अभियान

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-1 हांसी एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों, बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में गहन जांच अभियान चलाया। डॉग स्क्वॉड टीम की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों की जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# ‘जो बोले सो निहाल’ के जयकारों के बीच श्री हजूर साहिब रवाना हुई भारत गौरव ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए भारत गौरव विशेष ट्रेन शुक्रवार को श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हो गई। हिसार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक रणधीर पनिहार, जगदीश जिंदल तथा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके उपरांत हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिरसा रेलवे स्टेशन से इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। उन्होंने कहा कि कई श्रद्धालु ऐसे हैं, जो वर्षों से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब के दर्शन की इच्छा रखते थे, लेकिन आर्थिक परिस्थितियों के कारण नहीं जा पा रहे थे। सरकार ने उनकी भावना को समझते हुए उन्हें यह अवसर प्रदान किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल श्रद्धालुओं को यात्रा करवाना नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और सुविधा के साथ आध्यात्मिक अनुभव उपलब्ध करवाना भी है। श्रद्धालुओं ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार उन्हें गुरु गोविंद सिंह जी की पावन तपोस्थली के दर्शन करने का अवसर मिला है और यह यात्रा उनके जीवन की यादगार यात्रा साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, भाजपा कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, ललित शर्मा, अभिषेक शर्मा, अजय जांगड़ा व अन्य उपस्थित रहे।





हिसार। रेलवे स्टेशन से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए भारत गौरव विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता व विधायक रणधीर पनिहार।

# जनगणना कार्य में तेजी के निर्देश लापरवाही पर होगी एफआईआर

## निगम के मुख्य सभागार में जनगणना सुपरवाइजर और प्रगणकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



जनगणना के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से नगर निगम के मुख्य सभागार में जनगणना चार्ज अधिकारी एवं सचिव संजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सुपरवाइजर, प्रगणक और संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संजय शर्मा ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों को समय पर जनगणना पोर्टल पर अपडेट किया जाए। सभी सुपरवाइजरों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ सुपरवाइजरों ने जनगणना सामग्री प्राप्त करने के बावजूद अभी तक फील्ड में कार्य शुरू नहीं किया है। जनगणना में लापरवाही बरतने वाले व कार्य न करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएंगी। निगम क्षेत्र में 99 सुपरवाइजर और 619 प्रगणक लगाए गए है।

### हाउस लिस्टिंग कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हांसी। जिला में चल रही जनगणना प्रक्रिया के तहत एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को गांव भाटला का दौरा कर हाउस लिस्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा भरी जा रही सूचनाओं की जांच की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# टैगोर स्कूल के छात्रों ने दोहराया इतिहास

- 10वीं की बोर्ड परीक्षा में छह बच्चों ने टॉप टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद



बोर्ड द्वारा जारी 10 वीं कक्षा के परीक्षा परिमाण में टैगोर स्कूल के छात्रों ने अपने गौरवशाली इतिहास को दोहराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रा पलक मिलकपुर ने 500 में से 494 अंक प्राप्त करके प्रदेश भर में छठा स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में अंजली नारनौंद ने 491 और परीक्षा नारनौंद ने भी 491 अंक के साथ संयुक्त रूप से 7वां स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी तरह अंजू खेड़ी ने 490, दिव्य राखी खास ने 490 एवं शुभम खेड़ी ने भी 490 अंक हासिल करके संयुक्त रूप से आठवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के 28 मेधावी छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 71 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 149 बच्चों ने बोर्ड मेरिट प्राप्त करके रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया है। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि अध्यापकों की मेहनत एवं माता पिता के अटूट विश्वास को देते हुए निदेशक तुषांत ने समस्त टैगोर परिवार को बधाई दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी स्कूल बेहतरीन परिणाम के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।

# राजकीय विद्यालय पाबड़ा का 10वीं व 12वीं कक्षा का सौ प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बरवाला

गांव पाबड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। 10वीं कक्षा में कुल 61 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट और 9 विद्यार्थियों ने जिला मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा सिमरन ने 500 में से 465 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा अनु ने 500 में से 461 अंक लेकर दूसरा तथा छात्रा ज्योति रानी ने 500 में से 459 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं कक्षा में भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी सफल रहे। विद्यालय प्राचार्य राजबीर सिंह ने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

## राजकीय स्कूल सरसौद बिचपड़ी का परिणाम शानदार

बरवाला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसौद बिचपड़ी का कक्षा 12वीं और 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं में छात्रा सुहानी ने 500 में से 465 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान और छात्रा काफी ने 500 में से 441 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा छात्रा प्रीति व प्रियंका ने 500 में से 435 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 19 छात्र छात्राओं ने बोर्ड मेरिट और 26 छात्र छात्राओं ने जिला मेरिट प्राप्त करके अपने स्कूल, परिजनों व गांव का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र विवेक ने विद्यालय में प्रथम स्थान और धोनी ने द्वितीय स्थान तथा प्रिंस व शुभम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सुमन राठी ने स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम आने पर सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी।



# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य फेलिसिटेशन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हांसी डीईओ विनोद कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात वाइस प्रिंसिपल गीता यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कॉमर्स संकाय में आयुषी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नॉन मेडिकल संकाय में करण यादव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कला संकाय में श्रुति चौधरी ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। मेडिकल संकाय में करण ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रिंसिपल नीतीश मिश्रा ने विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी विद्यालय निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। विद्यालय चेयरमैन आनंद यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन का नया अध्याय अब शुरू हो रहा है। लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ने से सफलता अवश्य मिलेगी।

## आर्यनगर की प्रिया बनीं नॉन-मेडिकल टॉपर



हिसार। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर्यनगर की छात्रा प्रिया ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में नॉन-मेडिकल संकाय में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे जिला हिसार के सरकारी स्कूलों का मान बढ़ाया है। प्रिया ने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रथम रैंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के सामने संसाधनों की कमी मायने नहीं रखती। प्रिया ने बताया कि उन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए किसी कोचिंग या ट्यूशन का सहारा नहीं लिया। स्कूल में पढ़ाए गए पाठ, शिक्षकों के नोट्स और नियमित स्व-अध्ययन के बल पर ही उन्होंने यह सफलता पाई।

## हिंदू स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में लहराया परचम



- इंटर स्कूल प्रतियोगिता में 27 पदक जीत ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्जा

हांसी। हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने जाट धर्मशाला में आयोजित 9वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए विद्यालय को द्वितीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में दमदार प्रदर्शन करते हुए 27 पदक अपने नाम किए। इनमें 11 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक तथा 7 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता विद्यार्थियों, कोच तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं।

# लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। परीक्षा में कुल 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी विद्यार्थियों ने शानदार अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा मेडिकल संकाय की ज्योति ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने संकाय में बल्कि पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मेडिकल संकाय में तृप्ति ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नितिन ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन-मेडिकल संकाय में प्रिया ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अद्विका गोयल ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा साक्षी ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय में इशिका ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुश गोयल ने 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा हेमंत ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

कला संकाय में साक्षी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अनामिका ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा तनिषा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा एवं स्कूल प्रबंधक अजीज प्रधान ने विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

## डीपीएस के भुविक गर्ग ने कराटे चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हिसार। दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा दूसरी के छात्र भुविक गर्ग ने नाइंथ इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। भुविक गर्ग की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच सचिन वर्मा का विशेष मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रशिक्षण रहा। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने भुविक को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने भुविक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर निहाल सिंह ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां विद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं।



हिसार। प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर के साथ भुविक।

# संत ज्योति राव फूले स्कूल का 10वीं परिणाम 100% रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए दसवीं कक्षा कक्षा के परीक्षा परिणाम में हनुमान कॉलोनी स्थित संत ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम बेहद गौरवपूर्ण और उत्साहजनक तथा शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों का नाम भी रोशन किया।

विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शबनम ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वर्षा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा सुनैना एवं अजय ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई है।

विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार एवं प्रधानाचार्य सुनील अरोड़ा ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

## कन्या गुरुकुल घिराय का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार

हिसार। कन्या गुरुकुल घिराय का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार एवं उल्लेखनीय रहा। 12वीं के परीक्षा परिणाम में सुजाता पुत्री विक्रम गांव घिराय ने 500 में से 450 अंक, करिना पुत्री अजमेर गांव घिराय ने 441 अंक, रविना पुत्री राजबीर गांव घिराय ने 421 अंक व प्रियंका पुत्री कृष्ण गांव खानपुर ने 401 प्रतिशत अंक हासिल कर गुरुकुल का नाम रोशन किया। वहीं 10वीं की परीक्षा में सोनम पुत्री रमेश गांव घिराय ने 500 में से 475 अंक एवं संस्कृत विषय में 100 अंक, हंसिका पुत्री विजय गांव जुगलान ने 418 अंक एवं संस्कृत में 100 अंक, मुस्कान पुत्री पाले ने 388 अंक व कल्पना पुत्री कुलदीप गांव बरकी खेड़ी ने 387 अंक तथा संस्कृत में 100 अंक हासिल किए व गुरुकुल व माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर गुरुकुल प्राचार्या सुनीता आर्या ने सभी छात्राओं को बधाई दी है।

## बोर्ड परीक्षाः आरोही मॉडल स्कूल खेड़ी लोहचब के विद्यार्थी छाए



नारनौंद। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब का इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल 100 प्रतिशत परिणाम दिया, बल्कि बड़ी संख्या में मेरिट सूची में भी स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या उपासना ढुहन ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 25 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में स्थान बनाया। कला एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 12वीं कक्षा में तनु रानी ने 469 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विनीत ने 465 अंक लेकर द्वितीय तथा रितिका ने 459 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने कहा कि 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। साहिल ने 472 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लक्ष्य ने 451 अंक के साथ द्वितीय और खुशबू ने 449 अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

# ढाणी खान बहादुर स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी खान बहादुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का 10+2 परीक्षा परिणाम 96.4 प्रतिशत रहा। कुल 83 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। स्नेहा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, टीना ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा गौरव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी ने बताया कि विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में शारीरिक शिक्षा में 99, हिंदी में 97, अर्थशास्त्र में 96, अकाउंटेंसी व अंग्रेजी में 95, समाजशास्त्र में 93, भौतिक विज्ञान में 90, रसायन विज्ञान में 89, जीव विज्ञान में 88 तथा भूगोल में 96 अंक प्राप्त हुए। प्राचार्या ने बताया कि स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा है। इसमें नेहा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, योगिता ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मोहित ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 68 विद्यार्थियों मे से 23 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट तथा 50 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी है।

- प्राचार्या ने दी छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



हांसी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित शत-प्रतिशत रहा। 23 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट हासिल की। विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि विद्यालय की 37 छात्राओं ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी थी, जिनमें से 33 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 9 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि छात्रा रूहानी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, जानवी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व कीर्ति ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा कीर्ति ने ड्राइंग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान विषय में कीर्ति, जानवी दहिया व जानवी श्रीवास्तव ने 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, महामंत्री नकुल कुमार अग्रवाल, उपप्रबंधक ईश्वर कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल ने छात्राओं अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई दी।

# बाबा बंदा बहादुर स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



बाबा जतिंदरपाल सिंह सोढ़ी के आशीर्वाद से गत वर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल का सीबीएसई का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार व शत प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने असाधारण प्रदर्शन से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

वाणिज्य संकाय में यशिका ने 97.4 फीसद, संचित ने 96.4फीसद, व सौम्य ने 95 फीसद अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अकाउंट्स में संचित, आयुष व लावण्या ने 100 अंक, बिजनेस स्टडीज में यशिका ने 99 अंक, अर्थशास्त्र व अंग्रेजी में यशिका ने 96 अंक प्राप्त किए। कला संकाय में मानवी ने 93 फीसद, मोनिका ने 89.4 फीसद व रविंद्र ने 88.8 फीसद अंक प्राप्त करके प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी में मानवी ने 99, भूगोल में मानवी ने 98, इतिहास में मानवी ने 97, राजनीतिक विज्ञान में नीरज, केशव व अर्थशास्त्र में सहज ने 95 व हिंदी में 93 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में खुशी ने 91.8 फीसद, गजल ने 91.6 फीसद व विधि ने 90.2 फीसद अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति चेयरमैन सरदार रणजीत सिंह, प्रधान आरपी परुथी, कोषाध्यक्ष रविंद्र खुराना, विद्यालय प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुग, एकेडमिक कोर्डिनेटर पवन रावल व अध्यापकों ने विद्यार्थियों को शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लाडवा सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र पंकज कुमार ने 95.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र इंसु ने 90.6 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्र मोहित ने 89.6 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष गर्व की बात यह रही कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र इंसु ने खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 हैंडबॉल में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय, गांव और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की प्राचार्या फूलवती लांबा व ग्राम सरपंच रामफल पूनिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षिका मधु बाला, परमिंद्र मलिक, सुनीता, रणबीर फौजी, प्रदीप कांगड़ा आदि मौजूद थे।



हिसार। शानदार परीक्षा परिणाम लेने पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एसबीएस स्कूल माढा के विद्यार्थियों का दबदबा

## साक्षी तथा सकोमल ने पाया हरियाणा में तीसरा स्थान



नारनौंद। एसबीएस स्कूल माढा के छात्र हर दिन नया आयाम हासिल करते हैं। स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया था। अब दसवीं कक्षा के भी कुल 96 विद्यार्थियों में से सकोमल तथा साक्षी ने 497 अंकों के साथ पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया, 21 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किये, 42 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक तथा कुल 79 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की जोकि बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुनील चहल ने बताया कि स्कूल में बच्चों के चहुंमुखी विकास की तरफ ध्यान दिया जाता है तो चाहे वह खेल हो या पढ़ाई हो। अभी स्कूल के चार छात्र नेशनल खेलों में हिस्सा लेकर आए थे तथा अभी वार्षिक परीक्षा परिणाम में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता का तथा स्कूल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक चिराग, शारदा, पूजा, विजय, विकास, मंजू, नीतू, कोमल, रेखा,बलजीत, कुसुम आदि मौजूद रहें।